हिन्दुस्तान 02
रविवार 15 मार्च 2020

सावधानी : वायरस पर वार के लिए अभियान तेज

5 जगह 5 रिपोर्टर

कोरोना वायरस का प्रकोप बढ़ रहा है लेकिन लोगों में भी इसके प्रति जागरुकता दिखाई दे रही है। वे भीड़ वाले स्थानों पर जाने से बच रहे हैं। इसके अलावा विभागों ने भी सैनिटाइजेशन शुरू कर दिया है। हिन्दुस्तान ने शनिवार को ऐसे पांच सार्वजनिक स्थानों की पड़ताल की जहां लोगों का दिनभर आना जाना लगा रहता है। पेश है रिपोर्ट...

मेट्रो : हर बोगी में हैंडल से लेकर पाइप तक की सफाई

सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन
दोपहर 1:30 बजे

नोएडा | वरिष्ठ संवाददाता

कोरोना वायरस के खौफ का असर. नोएडा-ग्रेटर नोएडा मेट्रो लाइन पर साफ देखने को मिल रहा है। यहां पर कर्मचारी मास्क लगाकर ड्यूटी दे रहे हैं। मेट्रो स्टेशन में प्रवेश करते ही ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन गेट से लेकर एस्कीलेटर के हैंडल व बोगियों के अंदर कर्मचारी संक्रमण मुक्त करने का काम चलता हुआ मिला।

कर्मचारी ग्लब्स पहने हुए सफाई कर रहे थे। हर स्टेशन पर सफाई के लिए 5 से 10 कर्मचारी लगाए गए हैं। नोएडा-ग्रेनो लाइन पर 21 मेट्रो स्टेशन हैं। कोरोना को देखते हुए सभी स्टेशनों पर गहनता से सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन पर दोपहर एक से ढाई बजे के बीच में संक्रमण मुक्त अभियान चलता हुआ मिला। इस स्टेशन पर मेट्रो के सभी कर्मचारी मास्क पहने हुए ड्यूटी दे रहे थे। टोकन काउंटर से लेकर हेल्प सेंटर में बैठे कर्मचारियों सवारियों से संबंधित कामकाज कर रहे थे। इनमें काफी महिला कर्मचारी भी थीं। स्टेशन पर काफी सवारियां मास्क पहने आ-जा रही थीं।

यहां पर टोकन लेने के बाद प्रवेश करने वाले ऑटोमेटिक फेयर कलेक्शन गेट की भी सफाई की जा रही थी। इसके बाद प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए एस्कीलेटर के हैंडल की भी कर्मचारी सफाई कर रहे थे। सफाई का सिलसिला मेट्रो की बोगियों के अंदर भी होता हुआ मिला। आमतौर पर रूट पूरा होने या पूरे दिन के बाद एक बार ही बोगियों के अंदर सीट, पकड़ने के लिए लगी हुई रॉड व हैंडल को भी कर्मचारी साफ करते हुए मिले। मेट्रो की खबर

एनएमआरसी अधिकारियों का कहना है कि नोएडा-ग्रेनो लाइन पर चलने वाली मेट्रो की सफाई वैसे तो ग्रेनो स्थित डिपो परिसर में होती है। अक्सर रात के समय मेट्रो की बोगियों की अंदर से धुलाई की जाती है। लेकिन अब कोरोना के चलते चलती बोगियों में दिन भी सफाई की जा रही है। इस समय कोरोना वायरस के चलते अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

एक्वा लाइन के सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन पर बोगी को सैनिटाइज करते करते कर्मचारी। यहां पर स्टेशन को भी साफ किया जा रहा था। • सभी फोटो : सलमान अली

26 हजार यात्री रोजाना सफर करते हैं एक्वा लाइन पर चल रही ग्रेटर नोएडा मेट्रो में। यह लाइन नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डिपो तक जाती है।

18 ट्रेन चल रही हैं ग्रेनो लाइन पर। इनमें से 11 ट्रेन लगातार चलती हैं। 8 ट्रेन रिजर्व में रखी जाती है। खराबी आने पर दूसरी बोगियों का प्रयोग किया जाता है।

"एक्वा लाइन की मेट्रो और स्टेशनों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सभी 21 स्टेशनों पर कुछ-कुछ समय के अंतराल में लगातार चलाया जाता है। इसका मकसद यात्रियों को संक्रमण से बचाना है।

-संध्या शर्मा, प्रवक्ता, एनएमआरसी

प्राधिकरण मास्क बांट रहा

नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि कर्मचारियों को कोरोना के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ मास्क भी बांटे जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सेक्टर-39 स्थित कार्यालय में बायोमीट्रिक हाजिरी पर रोक लगा दी है। इसके अलावा.सेक्टर-6 प्राधिकरण कार्यालय में संक्रमण मुक्त करने के बाद ही बायोमीट्रिक हाजिरी लगाई जा रही है।

Scanned with CamScanner